**मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की वित्त समिति की दिनांक 20.09.2022 को विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में प्रातः 10.00 बजे सम्पन्न हुई 2022/02 (पच्चीसवीं) बैठक की कार्यवृत्त।**

बैटक में उपस्थिति निम्नवत् रही :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 श्री जे0पी0 पाण्डेय<br>कुलपति,<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री अन्नावि दिनेश कुमार, विशेष सचिव,<br>प्रतिनिधि प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | सदस्य |
| 3. | श्री अशोक कुमार सिंह, अपर निदेशक कोशागार<br>गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर।<br>प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव (वित्त) वित्त विभाग,<br>उत्तर प्रदेश, शासन लखनऊ। | सदस्य |
| 4. | ई0एस0के0 अग्रवाल, प्रबन्ध निदेशक,<br>मेसर्स एस0 के0 केमिकल्स।<br>चैम्बर आफ इन्डस्ट्रीज,<br>105, सुनन्दा टावर, बैंक रोड, गोरखपुर। | राज्य सरकार द्वारा नामित |
| 5. | प्रो0 ए0एन0 तिवारी<br>अधिष्ठाता छात्र मामले,<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर। | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 6. | प्रो0 एस0के0 श्रीवास्तव,<br>अधिष्ठाता अध्ययन, शोध एवं विकास,<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर। | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 7. | प्रो0 गोविन्द पाण्डेय,<br>अधिष्ठाता अवस्थापना एवं नियोजन,<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर। | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 8. | प्रो0 यू0सी0 जायसवाल,<br>अधिष्ठाता संकाय मामले,<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर। | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 9. | प्रो0 पी0के0 सिंह,<br>अधिष्ठाता स्नातक अध्ययन एवं उद्यमिता,<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर। | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 10. | प्रो0 एस0सी0 जैसवाल,<br>समन्वयक, टेक्विप,<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर। | विशेष आमंत्रित सदस्य |

11. डा0 जय प्रकाश, सदस्य
कुलसचिव,
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर।

12. श्री अमर सिंह, सदस्य/सचिव
वित्त नियंत्रक,
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर।

**वित्त समिति की पच्चीसवीं बैठक का कार्यवृत्त निम्नवत् है।**

**25-01 वित्त समिति की दिनांक 15.03.2022 को सम्पन्न हुई 2022/01 (चौबीसवीं) बैठक की कार्यवृत्ति के पुष्टि का प्रस्ताव।**

समिति को अवगत कराया गया कि वित्त समिति की चौबीसवीं बैठक का कार्यवृत्त सभी सदस्यो को प्रेषित किया गया था, जिस पर मा0 सदस्यो द्वारा कोई आपत्ति प्राप्त नही हुयी।

**25-02 मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की वित्त समिति की 2022/01(चौबीसवीं) बैठक मे लिये गये निर्णयों पर कार्यान्वित का विवरण।**

वित्त समिति की चौबीसवीं बैठक मे लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण का अवलोकन करते हुए पूर्व के स्वीकृति प्रस्तावों पर लिये गये निर्णयों से अवगत हुई तथा कृत कार्यवाही पर सहमति व्यक्त की गयी।

**25-03 वित्तीय वर्ष 2022-23 का अनुमोदित बजट के सापेक्ष दिनांक 31.08.2022 तक का वास्तविक व्यय का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विचारोपरान्त विश्वविद्यालय का वित्तीय वर्ष 2022-23 का अनुमोदित बजट के सापेक्ष दिनांक 31.08.2022 तक का वास्तविक व्यय से अवगत होते हुए अनुमोदन किया गया।

**25-04 विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मेडिक्लेम के बीमा प्रीमियम हेतु व्यय की अधिकतम धनराशि रु. 10000.00 प्रतिपूर्ति को रु. 10000.00 से बढाकर रु. 15000.00 किये जाने का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विचारोपरान्त विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मेडिक्लेम हेल्थ इन्श्योरेन्स हेतु भुगतान की गयी प्रीमियम का अधिकतम रु. 10000.00 की प्रतिपूर्ति किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया था। चार वर्ष के लम्बे अन्तराल में दवाओं एवं मेडिकल उपकरण के कीमतो में बृद्धि के फलस्वरुप स्वास्थ बीमा कम्पनी द्वारा मेडिक्लेम पर हेल्थ इन्श्योरेन्स की प्रीमियम में वृद्धि कर दी गयी है। जिसके दृष्टगत भुगतान की गयी प्रीमियम की धनराशि का अधिकतम रु. 10000.00 से बढ़ाकर भुगतान की गयी प्रीमियम की धनराशि का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम रु. 15000.00 अथवा इन दोनो मे जो भी कम होगा उस धनराशि का भुगतान दिनांक 01 सितम्बर, 2022 से किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया।

उक्त प्रस्तावित कार्य पर होने वाला व्यय धन की उपलब्धता के अनुसार विश्वविद्यालय के श्रोतो से होने वाली आय की बचतो से वहन किया जायेगा।

F.C.

25-05 **निदेशक गुणवत्ता सुन-चयन प्रकोष्ठ (IQAC) को विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता की भाति रु. 4000.00 प्रतिमाह मानदेय क भुगतान किये जाने का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विचारोपरान्त वित्त समिति की 23 वीं बैठक के मद संख्या 06 में (IQAC) के गठन के प्रस्ताव क अनुमोदन प्रदान किया गया था। रु. 4000.00 का निदेशक (IQAC) को विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता की भाति (UGC) से अनुदान प्राप्त होने तक मानदेय प्रतिमाह भुगतान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

25-06 **भविष्य में विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण बैठको में प्रतिभाग करने वाले अधिकारियों, शिक्षकों एवं विशेशज्ञों को ठहरने हेतु मेसर्स रेडीसन ब्लू गोरखपुर के साथ समझौता करार का अवलोकन कर अनुमोदन प्रदान करने का प्रस्ताव।**

समिति को अवगत कराना है कि प्रबन्ध बोर्ड की 36 वीं बैठक दिनांक 06.03.2022 के उक्त प्रस्ताव का अनुमोदन प्रदान किया था।

विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में ठहरने की सीमित व सामान्य कक्ष में व्यवस्था के कारण बाहर से आने वाले विशेषज्ञों शिक्षकों एवं अधिकारियों को मेसर्स रेडीसन ब्लू गोरखपुर में ठहरने एवं समझौता की दरों के अनुरुप भुगतान किये जाने के प्रस्ताव पर वित्त समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

उक्त प्रस्तावित कार्य पर होने वाला व्यय धन की उपलब्धता के अनुसार विश्वविद्यालय के श्रोतो से होने वाली आय की बचतो से वहन किया जायेगा।

25-07 **पुस्तकालय में e-book, Print Book, Printer Journal, News paper, Springer e-journals+IEEE r-journals, Softgranth/J-Gate/MyLoft/ Membership के साथ अन्य सामग्री के क्रय व्यय का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विचारोपरान्त पुस्तकालय अध्यक्ष द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया पुस्तकालय में पुस्तकालय में e-book,Print Book, Printer Journal News paper, Springer, e-journals+IEEE, e-journals, Softgranth/J-Gate/MyLoft/ Membership के साथ अन्य सामाग्री के क्रय करने में अनुमानित व्यय रु. 65.00 लाख का प्रस्तुत प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

उक्त प्रस्तावित कार्य पर होने वाला व्यय धन की उपलब्धता के अनुसार विश्वविद्यालय के श्रोतो से होने वाली आय की बचतो से वहन किया जायेगा।

25-08 **रसायन एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्रयोगशालाओं हेतु आवश्यक उपकरण के क्रय का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विचारोपरान्त रसायन एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग में नये उपकरण के क्रय किये जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है जिस पर रु. 47.80 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

उक्त प्रस्तावित कार्य पर होने वाला व्यय धन की उपलब्धता के अनुसार विश्वविद्यालय के श्रोतो से होने वाली आय की बचतो से वहन किया जायेगा।

25-09 **केमिकल इन्जी0 विभाग के प्रयोग-ाआओं हेतु उपकरण एवं यू0पी0एस0 20 KBA के क्रय के प्रस्ताव।**

समिति द्वारा केमिकल इन्जी0 विभाग में UV Spectrophoto meter एवं 20 के0बी0ए0 का यू0पी0एस0 के क्रय किये जाने के प्रस्ताव पर रु. 12.00 लाख का व्यय भार अनुमानित है। जिसको अनुमोदन प्रदान किया गया। क्रय करते समय बाजार में प्रचलित दरों एवं टेंडर में प्राप्त दरों के अध्ययन के उपरान्त कार्यवाही की जाय।

उक्त प्रस्तावित कार्य पर होने वाला व्यय धन की उपलब्धता के अनुसार विश्वविद्यालय के श्रोतो से होने वाली आय की बचतो से वहन किया जायेगा।

25-10 **फिजीक्स एवं मैटेरियल साइन्स विभाग में फर्नीचर, ए0सी एवं डिजिटल पोडियम के क्रय का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विचारोपरान्त फिजीक्स एवं मैटेरियल साइन्स विभाग में फर्नीचर,ए0सी0, डिजिटल पोडियम एवं प्रयोगशालाओ के उपकरणों के क्रय किये जाने के प्रस्ताव पर रु. 23.37 लाख का पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

उक्त प्रस्तावित कार्य पर होने वाला व्यय धन की उपलब्धता के अनुसार विश्वविद्यालय के श्रोतो से होने वाली आय की बचतो से वहन किया जायेगा।

25-11 **विद्युत एवं संचार अभियंत्रण विभाग में फर्नीचर एवं ए0सी0 आदि उपकरण के क्रय किये जाने का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विचारोपरान्त विद्युत एवं संचार अभियंत्रण विभाग में CAD Lab हेतु फर्नीचर, ए0सी0 के क्रय एवं अन्य कार्यो को किये जाने पर रु. 11.00 लाख का अनुमोदन प्रदान किया गया।

उक्त प्रस्तावित कार्य पर होने वाला व्यय धन की उपलब्धता के अनुसार विश्वविद्यालय के श्रोतो से होने वाली आय की बचतो से वहन किया जायेगा।

25-12 **यांत्रिक अभियंत्रण विभाग के प्रयोगशालाओं में Trinocular Metallurgical Microsope RXLR-4M, Color Camera, Specimen Hot Mounting Press आदि उपकरण क्रय किये जाने का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विचारोपरान्त यांत्रिक अभियंत्रण विभाग में Trinocular Metallurgical Microsope RXLR-4M, Color Camera, Specimen Hot Mounting Press आदि उपकरण क्रय किये जाने पर रु. **4.43** लाख के व्यय भार पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया।

उक्त प्रस्तावित कार्य पर होने वाला व्यय धन की उपलब्धता के अनुसार विश्वविद्यालय के श्रोतो से होने वाली आय की बचतो से वहन किया जायेगा।

25-13 **विश्वविद्यालय की प्रयोगिक परीक्षा संचालन की पुनरीक्षित दर के सम्बन्ध में वित्त समिति की बैठक में परीक्षा समिति की सोलहवीं बैठक के मद संख्या-16.05 में लिये गये निर्णय के अनुमोदन का प्रस्ताव।**

परीक्षा नियंत्रक द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जिसमें प्रयोगिक परीक्षा संचालन की पुनरीक्षित दरो का प्रस्ताव निम्नवत है।

| क्र0स0 | मद का नाम | पूर्व निर्धारित व्यय दर | प्रस्तावित दरें |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रायोगिक परीक्षाएं स्नातक | रु. 15 प्रति छात्र न्यूनतम रु. 500.00 | रु. 18 प्रति छात्र न्यूनतम रु. 3000.00 |
| 2 | प्रायोगिक परीक्षाएं परास्नातक | रु. 18 प्रति छात्र न्यूनतम रु. 500.00 | रु. 20 प्रति छात्र न्यूनतम रु. 3000.00 |

उक्त प्रस्ताव परीक्षा समिति की सोलहवीं बैठक के मद संख्या -16.05 में लिये गये निर्णय में अनुमोदन प्रदान किया गया है।

समिति द्वारा विचारोपरान्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

25-14 **कुलसचिव कार्यालय में कलर फोटो कापी मशीन, कलर लेजर प्रिन्टर एवं 02 अदद स्पिलिट ए0सी0 क्रय किये जाने का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विचारोपरान्त कुलसचिव कार्यालय में कलर फोटो कापी मशीन, कलर लेजर प्रिन्टर एवं 02 अदद स्पिलिट ए0सी0 क्रय किये जाने पर रु. 5.18 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया। समिति द्वारा यह भी सुझाव दिया गया कि उक्त क्रय के समय टेन्डर/जेम से प्राप्त न्यूनतम दरो का बाजार की दरो से तुलानात्मक अध्ययन अवश्य किया जाय।

उक्त प्रस्तावित कार्य पर होने वाला व्यय धन की उपलब्धता के अनुसार विश्वविद्यालय के श्रोतो से होने वाली आय की बचतो से वहन किया जायेगा।

25-15 **वाहन अनुभाग मे आउटसोर्स में कार्यरत वाहन चालको की सेवाओं को अतिकुशल श्रेणी सी से अतिकुशल श्रेणी बी में परिवर्ति किये जाने का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विचारोपरान्त वाहन में आउटसोर्स में कार्यरत वाहन चालको से 24 घंटे आकस्मिक सेवाये ली जाती है व दृष्टिगत वाहन चालको को अतिकुशल श्रेणी सी रु. 12360.00 प्रतिमाह से अतिकुशल श्रेणी बी रु. 13390.00 प्रतिमाह मे परिवर्तित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही निरन्तर एवं आकस्मिक सेवाओं के दृष्टिगत कैम्पस में किराये की न्यूनतम दर तक निशुल्क आवास की सुविधा प्रदान करने पर भी सहमति दी गयी।

25-16 **विश्वविद्यालय में वर्तमान स्व-वित्त पोषित योजना के अन्तर्गत संचालित हो रहे पाठ्यक्रमो तथा बी0टेक0, आई0टी0,बी0बी0ए0 एवं एम0एस0सी0 के लिये जारी शासनादेश दिनांक 13 मार्च 2020 के आधार पर प्रस्तावित व्यय का प्रस्ताव।**

वित्त समिति के माननीय सदस्यो को अवगत कराना है कि प्रबंध बोर्ड की 06.08.2022 को प्रस्तावित 36वीं बैठक के मद संख्या 2022/02.17 में विश्वविद्यालय हेतु निर्गत शासनादेश संख्या 2/2020/226/ सत्तर-2-2020-18(31)2018 दिनांक 13 मार्च 2020 के द्वारा शिक्षकों, गैर तकनीकी और शैक्षणिक पदों हेतु प्रबन्ध बोर्ड की बैठक के मद संख्या 2022/2.17 में अनुमोदन प्रदान किया गया है उक्त पर प्रत्येक वर्ष होने वाले प्रस्तावित व्यय की गणना रु. 268.00 लाख है।

साथ ही प्रबंध बोर्ड की दिनांक 15 मार्च 2022 को सम्पन्न हुयी 35वीं बैठक के मद संख्या-2022/01.27/06 में विश्वविद्यालय के स्व वित्त पोषित पाठ्यक्रमों एवं अन्य विभागों में संविदा के आधार पर पूर्व में नियुक्त शिक्षकों पर भी निम्न मानदेय की दरे लागू होगी।

| **संविदा शिक्षक** | | |
|---|---|---|
| क्रमांक | पदनाम | समेकित मासिक वेतन |
| 01 | आचार्य | रु. 110000.00 |
| 02 | सह-आचार्य | रु. 85000.00 |
| 03 | सहायक आचार्य | रु. 57700.00 |
| आऊटसोसिंग कर्मचारी | | |
| 01 | अतिकुशल | रु. 15000.00 |
| 02 | कुशल | रु. 12623.00 |
| 03 | अकुशल | रु. 10235.00 |

साथ ही प्रबंध बोर्ड की इसी बैठक के मद संख्या-2022/01.20 में विश्वविद्यालय के मानविकी एवं प्रबन्ध विज्ञान विभाग को प्रबंध अध्यन विभाग तथा मानविकी एवं समाजिक विज्ञान विभाग के रुप में अलग-अलग करने के प्रस्ताव पर भी विचार कर अनुमोदन प्रदान किया गया है।

अतुएवं इन विभागों में कार्यरत संविदा शिक्षक, आऊट सोर्सिंग कर्मचारी को उक्त तालिका के अनुरुप मानदेय दिये जाने पर विचारोपरान्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया जिसका समिति द्वारा तत्काल प्रभाव से भुगतान का अनुमोदन किया गया।

**25.16 (B) विश्वविद्यालय के बहुउदेशीय भवन में वाल पैनेलिग सेन्ट्रल ए0सी0 स्टेज पर 8x16 फीट एल0ए0डी0 स्क्रीन के साथ फर्नीचर के क्रय किये जाने का प्रस्ताव।**

समिति को अवगत कराया गया कि अध्यक्ष CSA द्वारा विश्वविद्यालय के बहुउदेशीय भवन में वाल पैनेलिग सेन्ट्रल ए0सी0 स्टेज पर 8x16 फीट का एल0ए0डी0 स्क्रीन एवं फर्नीचर क्रय किये जाने पर **रु. 115.00** लाख का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

धन की उपलब्धता के अनुसार शासन की क्रय की प्रक्रिया के अर्न्तगत विश्वविद्यालय को होने वाली आय की बचतो से उक्त क्रय/कार्य कराया जायेगा।

25-17 **आई0टी0आर0सी0 के अन्तर्गत आवश्यकतानुसार आउटसोर्स कर्मी रखे जाने के साथ प्रयोगशालाओं में उपकरण एवं फर्नीचर क्रय किये जाने का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विचारोपरान्त अध्यक्ष आई0टी0आर0सी0 द्वारा निम्न प्रस्ताव समिति के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया है।

**(D)** विश्वविद्यालय के पुष्पागिरी, नालंदा एवं तक्षशिला व्याख्यान भवन के समस्त कक्षाओं में कम्प्यूटर, प्रोजेक्टर एवं पी0ए0 सिस्टम के उपकरण में तकनीकी सामानों को ठीक करने, शैक्षणिक कक्षाओं को संचालन, संसाधनों एवं उपकरणों के रख-रखाव और साफ सफाई के साथ कक्षाओं को खोलने और बन्द करने हेतु 15 अद्द आउटसोर्स कर्मियों को रखे जाने की आवश्यकता है। जिसके कार्य का विवरण निम्नवत है।

| क्र0 | कर्मियों के प्रकार | मानदेय प्रतिमाह | कर्मियों की संख्या | व्यय प्रति माह |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अति-कुशलकर्मी-तकनीकी-01 | 20000.00 | 01 | 20000.00 |
| 2 | कुशलकर्मी-तकनीकी (मल्टी टास्किंग) | 15000.00 | 07 | 105000.00 |
| 3 | अकुशलकर्मी (परिचारक) | 10000.00 | 04 | 40000.00 |
| 4 | अकुशलकर्मी (स्वच्छकार) | 10000.00 | 03 | 30000.00 |
| | | | **प्रतिमाह कुल योग** | **195000.00** |

उपरोक्तानुसार कर्मिको को प्रतिमाह मानदेय दिये जाने का प्रस्ताव पर समिति द्वारा अनुमोदन किया गया।

**(E)** आई0टी0आर0सी0 के प्रयोगशालाओं में लेजर प्रिन्टर, स्कैनर एंव नेटवकिंग वायर क्रय करने के लिये किये जाने पर रु. 2.35 लाख का व्यय भार पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(F)** आई0टी0आर0सी0 के प्रयोगशालाओं में फर्नीचर क्रय किये जाने पर **रु.** 10.06 लाख का व्यय भार पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

धन की उपलब्धता के अनुसार नियमानुसार विश्वविद्यालय मे छात्रों से Internet शुल्क से होने वाली आय से प्राप्त धन से व्यय का वहन किया जायेगा।

25-18 **विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागो एवं अनुभागों में कम्प्यूटर, प्रिंटर व यू0पी0एस0 क्रय किये जाने का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विचारोपरान्त अध्यक्ष आई0टी0आर0सी0 के प्रस्तुत प्रस्ताव में विभिन्न विभागो एवं अनुभागों में कम्प्यूटर, प्रिंटर व यू0पी0एस0 क्रय किये जाने पर अनुमानित लागत रु. 54.11 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

उक्त व्यय का वहन विश्वविद्याल के श्रोतो से होने वाली आय की बचतो से किया जायेगा। साथ मे प्रस्तुत संलग्न प्रस्ताव के क्रम संख्या 01 पर अंकित धनराशि रु. 38.25 लाख का होने वाला व्यय भार रुसा **(RUSA)** मद में प्राप्त होने वाले अनुदान से समायोजित कर विश्वविद्यालय खाते में प्राप्त कर लिया जायेगा।

25-19 **विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रकार के नियुक्तियों/स्क्रीनिंग चयन प्रक्रिया से सम्बन्धित कार्य हेतु पारिश्रमिक भुगतान दिये जाने का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विचारोपरान्त विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रकार के नियुक्तियों/स्क्रीनिंग चयन प्रक्रिया से सम्बन्धित कार्य हेतु पारिश्रमिक कार्यो में शिक्षको, अधिकारियों, तृतीय श्रेणी कर्मचारियों तथा आउटसोर्सिग के मांध्यम से रखे गये कुशल/अकुशल कर्मियों द्वारा सहयोग प्रदान किया जाता है उक्त कार्य में लगे कार्मिको को निम्नानुसार पारिश्रमिक दिये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया। जिसका विवरण निम्नवत है।

| क्रम संख्या | विवरण/पारिश्रमिक की श्रेणी | प्रस्तावित दरें (रुपये में) |
|---|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| 01 | शिक्षक/अधिकारी | रु. 750.00 प्रतिदिन |
| 02 | तृतीय श्रेणी कर्मचारी/कुशल कर्मी | रु. 500.00 प्रतिदिन |
| 03 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी/अकुशल कर्मी | रु. 300.00 प्रतिदिन |

धन की उपलब्धता के अनुसार नियमानुसार विश्वविद्यालय के श्रोतो से होने वाली आय की बचतो से प्राप्त धन से व्यय का वहन किया जायेगा। उक्त भुगतान 20 सितम्बर 2022 से प्रभावी होगा।

25-20 **विश्वविद्यालय के सुभाष भवन, रमन भवन, रविन्द्र नाथ टैगोर भवन एवं विश्वेश्वरैया भवन के छात्रावासों के किचन के उपकरणो के संचालन एवं रख-रखाव के लिए वार्षिक मरम्मत का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विचारोपरान्त समिति को अवगत कराना है कि कुलसचिव द्वारा मुख्य छात्रावास अधीक्षक के प्रस्तुत प्रस्ताव में सुभाष भवन छात्रावास, रमन भवन छात्रावास, टैगोर छात्रावास तथा विश्वेश्वरैया भवन छात्रावासों के कच्चे अनाज/सब्जीयों तथा अन्य सामानों के संरक्षण स्थान, भोजन तैयारी के स्थान, भोजन पकाने के स्थान, भोजन करने के स्थान, वर्तन धोने के स्थान एवं किचन के अन्य स्थानो पर लगे उपकरण को उचित प्रकार संचालन एवं रख-रखाव के लिए वार्शिक Annual Maintenance मरम्मत पार्ट्स सहित के लिये हास्टलवार निम्न तालिका के अनुसार प्रस्तुत है।

| HOSTEL NAME | HOSTEL AMOUNT | MAINTENANCE AMOUNT | PERCENTAGE |
|---|---|---|---|
| SUBHASH HOSTEL | 6093810.00 | 798390.00 | 13.10% |
| RAMAN KITCHEN | 3222370.00 | 409785.50 | 13% |
| RAMAN KITCHEN | 3222370.00 | 409785.50 | 13% |
| RABINDRA NATH TAGOR | 6086140.00 | 792696.50 | 13.10% |
| VISVESVARAYA | 6086140.00 | 792696.50 | 13% |

प्रस्ताव पर समिति द्वारा विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया। उक्त प्रस्तावित कार्य जेम पोर्टल के माध्यम से शासनादेशो में वर्णीत व्यवस्था के अनुसार किया जायेगा एवं धन की उपलब्धता के अनुसार व्यय विश्वविद्यालय के होने वाली आय से किया जायेगा।

25-21 **विश्वविद्यालय में नवनिर्मित 210 क्षमता महिला छात्रावास के किचन में उपकरण क्रय किये जाने का प्रस्ताव।**

विश्वविद्यालय में नवनिर्मित 210 क्षमता के महिला छात्रावास में माड्यूलर किचन के उपकरणो की आपूर्ति एवं Installation कार्य हेतु द्वारा रु. 66.00 लाख के प्रस्ताव का समिति द्वारा विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

25-22 **समाज कल्याण विभाग से प्राप्त पत्र संख्या सी0599/स0क0/शिक्षा-अ/7/77/ 2022-23 दिनांक 17 मई, 2022 के क्रम में छात्रों का उपस्थिति दर्ज करने हेतु 40 अद्द टेबलेट क्रय किये जाने का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विचारोपरान्त अध्यक्ष, आई0टी0आर0सी0 द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव जिसमें विभिन्न विभागो के छात्र/छात्राओं की कक्षाओं में आधार से लिंक बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने हेतु आई0टी0आर0सी0 के नियंत्रणाधीन कुल 35 कक्षाओं हेतु 40 अद्द टेबलेट क्रय किये जाने पर अनुमानित कुल व्यय रु. 6.00 लाख का अनुमोदन प्रदान किया गया।

धन की उपलब्धता के अनुसार क्रय की प्रक्रिया नियमानुसार के तहत धनराशि का व्यय विश्वविद्यालय को होने वाली आय से किया जायेगा।

F.C.

25-23 **विश्वविद्यालय की वित्तीय वर्ष 2021-22 के वैलेंसशीट/बैंक समाधान विवरण का अवलोकन एवं अनुमोदन का प्रस्ताव।**

विश्वविद्यालय की वर्ष 2021-22 के वैलेन्सशीट/बैंक समाधान विवरण जो चार्टड एकाउन्टेन्ट द्वारा तैयार कराकर सत्यापित कराया गया है, समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया। समिति को यह भी अवगत कराया गया कि टेण्डर के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2022 से 2024 तक के लिए नये सी0ए0 Habibullah & Com. का चयन कर लिया गया है

**अनुपूरक प्रस्ताव :**

25-01 **विश्वविद्यालय में 500 के0वी0ए0 के सोलर प्लांट के स्थापित किये जाने के प्रस्ताव पर विचार ।**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय में 500 किलो वाट के सोलर प्लांट को स्थापित किये जाने पर विचार विमर्श करते हुए निर्णय लिया गया कि गुणवत्ता के दृष्टिगत टेन्डर के माध्यम से दरे प्राप्त कर यू0पी0 नेडा के दरों से मिलान करते हुए जो कम हो पर कार्यवाही किया जाय।

25-02 **विश्वविद्यालय में एक कनेक्शन के बजाय मल्टी प्वाइंट विद्युत कनेक्शन लिए जाने के प्रस्ताव पर विचार एवं अनुमोदन।**

कुलाधिपति एवं राज्यपाल सचिवालय, लखनऊ से विश्वविद्यालय को निर्देश दिया गया कि विश्वविद्यालय के आवासो में UPSEB के माध्यम से सीधे Cannection,Pre-Paid मीटर लगाते हुए अलग से Connection दिये जाय। जिसके अनुपालन में विश्वविद्यालय द्वारा उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन से अनुरोध किया गया। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन द्वारा सम्बन्धित कार्यो हेतु लगभग रु. 1.98 करोड़ का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। उक्त कार्य के कराये जाने के सम्बन्ध में प्रबंध बोर्ड द्वारा पूर्व में कुलाधिपति एवं राज्यपाल सचिवालय, लखनऊ द्वारा विद्युत Connection के सम्बन्ध में दिये गये निर्देश का पालन करने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। यू0पी0 पावर कारपोरेशन के प्रस्ताव का सैद्वान्तिक अनुमोदन इस आशय के साथ प्रदान किया गया कि उक्त धनराशि कैसे और कम की जा सकती है इस पर भी यथोचित कार्यवायी की जाय।

अन्त मे बैठक अध्यक्ष महोदय एवं सभी सम्मानित सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापनोपरान्त समाप्त हुई।

21.09.22
(अमर सिंह)
वित्त नियंत्रक
सदस्य/सचिव

भवदीय,

(प्रो0 जे0पी0 पाण्डेय)
कुलपति/अध्यक्ष